






## एक नजर में



### महिला फाउंडेशन ने चलाया जागरुकता अभियान

**नवभारत आष्टा.** नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नूपुर धमीजा के निर्देशानुसार दो दिवसीय पूर्व सूचना के अनुसार नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन अध्यक्ष किरन सिंह के नेतृत्व में महिला आत्म सुरक्षा जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ. दो दिवसीय कार्यशाला में लगभग 50 महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के ट्रिक, आत्म सुरक्षा की जागरुकता, महिलाओं को विभिन्न स्थानों पर जाते समय किन किन बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देना आदि बातें बताई गई एवं मार्शल आर्ट्स का अभ्यास भी कराया गया.कार्यक्रम में शिक्षक संतोष कुमार यादव, जिला अध्यक्ष किरन सिंह, संध्या सिंह, रूपा सील, डिंपल पोद्दार, सरिता गुप्ता, निशु कुमारी, कविता सिंह एवं लगभग 40 अन्य महिलाओं की उपस्थिति थीं.



### कीचड़ व गंदगी से परेशान वार्डवासियों को सड़क का इंतजार

**नवभारत आष्टा.** नगर के वार्ड नंबर 16 पोस्ट ऑफिस रोड बजरंग मंदिर के रहवासी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं. क्षेत्र में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है. वार्ड पार्षद की निष्क्रियता से आक्रोशित वार्डवासियों का कहना है कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है. जगह-जगह कीचड़, गंदगी और जलभराव के कारण लोगों को परेशानी होती है. बच्चों और बुजुर्गों का निकलना दिक्कत भरा हो गया है. स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की. लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई. नागरिकों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण व सफाई की उचित व्यवस्था की मांग की है. अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वार्डवासियों को आंदोलन करने की चेतावनी दी है.



### श्रीमती जैन को गणमान्य नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत सीहोर.** भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री पवन जैन की माताजी का तेरहवीं कार्यक्रम आयोजित किया गया.गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, गोपाल सिंह इंजीनियर, पललित नागौरी,रमेश सक्सेना, रघुनाथ मालवीय, शैलेंद्र पटेल, सन्नी महाजन, राजीव गुजराती, पद्मावती पोरवाल, वीरेंद्र अजमेरा, सोनू गुणवान, राधेश्याम कासनियां, गजराज सिंह मेवाड़ा, धनरूपमल जैन, मनोज जैन, गोपी सेठी, ललित जैन, देवचंद्र जैन, संजय जैन, सुदीप प्रजापति, रमाकांत समाधिया, अशोक सिसोदिया, सुरेंद्र राठौड़, कैलाश कुशवाह, बंटी राठौर, विमल जैन, रमेश आदिनाथ, वासु जैन, डॉ. जैनपाल जैन, डॉ. बीसी जैन, डॉ. पंकज जैन, डॉ. सुनील जैन, अमोघ जैन, आनंद जैन, कोमल जैन, महिपाल जैन, दीपक जैन, नीरज जैन, प्रवीण जैन और संतोष जैन मौजूद थे.

### न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

**नवभारत सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर जिले में अभियान के शुभारंभ किया. इस अवसर पर सभी ने पौधों का संरक्षण करने की शपथ भी ली. प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आर्य ने कहा कि जल की उचित व्यवस्था एवं संरक्षित स्थानों पर जलवायु के अनुकूल पौधे जैसे पीपल, नीम, वट वृक्ष, इमली, बेल, कविट, आंवला, कटहल और आम आदि लगाए जाएंगे और उन्हें संरक्षित भी किया जाएगा. कार्यक्रम में वैभव मंडलोई, हेमंत जोशी, संजय गोयल, स्मृतासिंह ठाकुर, एमके वर्मा, विनीता गुप्ता, स्वप्नश्री सिंह, दीपेन्द्र मालू, अन्य न्यायाधीशगण, सुश्री अर्चना पटेल, राधेश्याम यादव,जीशान खान, सपना शर्मा आदि ने पौधरोपण किया.

# कलेक्ट्रेट की चौखट पर बैठकर अन्नदाता ने मांगा इंसाफ

## आष्टा तहसील के पांच गांवों से जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे थे किसान, शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा व फसल बीमा देने की मांग

- कलेक्टर बाहर नहीं आए तो धरने पर बैठ गए किसान
- पांच किसानों को बुलाकर दिया शीघ्र सर्वे कराने का आश्वासन



**सीहोर.** अतिवर्षा और अमानक बीज के कारण फसल प्रभावित होने पर आष्टा तहसील के अनेक किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना दिया.

नवभारत न्यूज

**सीहोर. ट्रेक्टर ट्रालियों में सवार होकर कलेक्टर को परेशानियों से अवगत कराने और शीघ्र बीमा धन के साथ मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने डिप्टी कलेक्टर स्तर तक के अधिकारी से मिलने से इंकार करते हुए कलेक्टर को ही बाहर आने के लिए कहा लेकिन जनसुनवाई में व्यस्त कलेक्टर बालागुरू के बाहर नहीं आए तो किसान कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे.**

मंगलवार को जनसुनवाई में लगातार तीन साल से प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे पांच गांव के करीब 50 से ज्यादा किसानों ने धरना दिया. वहीं मैकेनाइज्ड केन्द्रीयकृत किचन प्रणाली का विरोध में प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ ने ज्ञापन सौंपा और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा के रसोइयों का रोजगार छीनने की बड़ी साजिश बताई. एक बुजुर्ग महिला से जमीन छीनने और मारपीट करने का मामला भी आया. सभी ने शिकायती आवेदन देकर समाधान की मांग की.

मंगलवार को पांच गांव के करीब 50 से ज्यादा किसान प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग को लेकर पहुंचे थे. किसान ट्रेक्टर ट्रालियों में सवार होकर कलेक्टर को परेशानियों से अवगत कराने और शीघ्र बीमाधन के साथ मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने अन्य अधिकारी से मिलने से इंकार करते हुए कलेक्टर को ही बाहर आने के लिए कहा, लेकिन कलेक्टर जनसुनवाई में व्यस्त थे. जब कलेक्टर बाहर नहीं आए तो कई किसान कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे. इस दौरान किसान करीब एक घंटे तक धरने पर बैठे रहे. जनसुनवाई के बाद कलेक्टर बालागुरु के. बाहर आए और किसानों से मिले. उन्होंने आरआई पटवारी को भेजकर शीघ्र सर्वे कराने और पर्याप्त मुआवजा बीमा दिलाने का आश्वासन दिया. किसान राजेंद्र सिंह, राजकुमार ठाकुर, धीरज सिंह, लखन सिंह, मांगीलाल, रतन सिंह, जसरथ सिंह, मनोहर सिंह, कमल सिंह आदि ने बताया कि फसल नष्ट होने से अब उनके सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है. पिछले चार सालों से लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण उनकी फसलें नष्ट हो रही हैं. वह भारी कर्ज में डूब चुके हैं. किसानों ने मांग की है कि मौके पर जांच करवाई जाए और उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए.

### मैकेनाइज्ड केन्द्रीयकृत किचन प्रणाली का विरोध

मंगलवार को प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ और मध्याह्न भोजन सांझा चूल्हा, रसोइया संघ से जुड़ी महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं. उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा को ज्ञापन सौंपा. मांग की कि केंद्र और राज्य सरकार इस योजना को पूरी तरह स्थगित करें. महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह योजना पोषण आहार और मध्यान्ह भोजन योजना में कार्यरत स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के रोजगार पर सीधा असर डालेगी. हजारों महिलाएं इन योजनाओं से जुड़ी हैं. केन्द्रीयकृत रसोई व्यवस्था इनका रोजगार छीनने का काम कर रही है. ज्ञापन देने वालों में रानी गोस्वामी, सुशीला बाई, राजकुंवर बाई, प्रेम बाई, ओमवती, सुनीता बाई, भगवती बाई सहित कई महिलाएं शामिल हैं.

### बुजुर्ग महिला से मारपीट व जमीन छीनने की कोशिश

**आष्टा.** ग्राम खड़ीहाट की बुजुर्ग महिला केशर बाई ने आरोप लगाया है कि उन्हें शासन से 50 साल पहले जो जमीन मिली थी, उस पर गांव के कुछ लोग जबरदस्ती कब्जा कर रहे हैं. केशर बाई ने बताया कि वह इस जमीन पर वर्षों से खेती कर रही हैं, लेकिन अब ये लोग उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं.घर आकर धमकी देते हैं. उन्होंने बताया कि उनके साथ मारपीट कर जमीन छुड़ाने की कोशिश की. इससे परेशान होकर वह इधर-उधर अपनी जान बचाकर भाग रही हैं. उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उसके आवेदन पर कार्रवाई की जाए.

## हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**आष्टा.** गत दिवस थाना अंतर्गत ग्राम भंवरा में जमीन विवाद को लेकर मुकेश पिता नंदराम परमार निवासी ग्राम भंवरा थाना पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था. गंभीर रूप से घायल अवस्था में पीड़ित को उपचार के लिए भोपाल किशनानी अस्पताल में भर्ती कराया गया.

पुलिस ने द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस टीम द्वारा घटना के 24 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिर तार किया गया. आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया गया है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी बंटी मालवीय आ.



कैलाश मालवीय, रमेश मालवीय आ. रामप्रसाद मालवीय एवं कैलाश मालवीय आ. रामप्रसाद मालवीय निवासी ग्राम भंवरा ने बताया कि घटना पूर्व से चल रहे भूमि विवाद के चलते की गई. आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया. इस कार्यवाही में निरीक्षक गिरीश दुबे, उपनिरीक्षक अनिल डोडियार, रमेश मांझी, मुकेश शर्मा, महेंद्र रैदास आदि की सराहनीय भूमिका रही.

## जवाहर नवोदय में प्रवेश आवेदन 29 तक

**श्यामपुर.** जवाहर नवोदय विद्यालय में जेएनवीएसटी चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं. प्रवेश के लिए पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है. पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए तथा किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय से तीसरी एवं चौथी कक्षा उत्तीर्ण की हो एवं वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत् होना चाहिए. इसके साथ ही विद्यार्थी का आधार कार्ड तथा जिले का निवासी होना चाहिए.

## विधायक ने किया शासकीय शाला का निरीक्षण

- निपानिया कलां के स्कूल पहुंचे विधायक सुदेश राय
- शाला परिवार के साथ प्रांगण में किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** विधायक सुदेश राय निपानिया कला शासकीय माध्यमिक स्कूल पहुंचे. विधायक सीधे कक्षा में पहुंचे और बच्चों से सवाल जबाव कर उनकी बौद्धिक योग्यता का परीक्षण किया.

उन्होंने बच्चों से अनेक सवाल जबाव किए और सरकार के द्वारा छात्र छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की. विधायक श्री राय ने स्कूल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर स्कूल की प्राधानाध्यपिका वर्षा नायक की कार्यशैली और शिक्षण कार्य की प्रशंसा कर बच्चों के सामान्य ज्ञान की भी सराहना व्यक्त की. शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं ने विधायक सुदेश राय का स्वागत किया. साथ ही स्कूल परिसर में एक पौधा मां के नाम लगाया.



## आजादी के 78 साल बाद भी गांव में न सड़क न बिजली

- केन्द्रीय मंत्री व राजस्व मंत्री के गृहक्षेत्र में ग्रामीण परेशान
- तहसील के ग्राम बावड़िया खाल की स्थिति दयनीय

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** देश को आज़ाद हुए 78 वर्ष बीत चुके हैं. पिछले साल आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश के साथ जिले में भी मनाया जा चुका है. जिले का एक गांव बावड़िया खाल ऐसा है जहां विकास के नाम पर न तो सड़क और न ही बिजली. चाहे सरकारें किसी भी दल की रही हों, यह गांव आज भी बुनियादी जरूरतों से महरूम है.



राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के विधानसभा क्षेत्र इछावर के गांव बावड़िया खाल की स्थिति बहुत खराब है. बारिश के दिनों में यहां के रहवासी नरक से भी बदतर जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां अब तक सड़क ही नहीं हैं कि कोई व्यक्ति आसानी से गांव तक आना-जाना कर सके. यहां अब भी पगडंडियों के रास्ते ही आना-जाना होता है. बारिश के दिनों में स्थिति बहुत जयादा खराब हो जाती है, क्योंकि जंगल में जगह-जगह पानी भर जाता है और कीचड़ हो जाता है. जिसके कारण गांव तक का रास्ता मुश्किल हो जाता है. राजधानी भोपाल से महज 28 किलोमीटर दूर सीहोर जिले के इस गांव बावड़िया खाल में दिया तले अंधेरे की कहावत चरितार्थ हो रही है, क्योंकि यह गांव केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र और प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की विधानसभा में आता है. इछावर विकासखण्ड के बावड़िया खाल आदिवासी बाहुल्य गांव है, यहां करीब 70 परिवार रहते हैं. बारिश के दिनों में यदि गांव का कोई व्यक्ति बीमार हो जाए तो अस्पताल ले जाना भी मुश्किल हो जाता है. गांवं के रहवासी सड़क की मांग करते हुए थक गए लेकिन आज तक सड़क नहीं बन पाई.

### वनक्षेत्र है, इसलिए नहीं बनी सड़क

गांव बावड़िया खाल के लिए रास्ता नहीं है, ग्रामीण परेशान हैं. रास्ता फॉरेस्ट एरिया से निकलता है, इसलिए नहीं बन पा रहा है. हालांकि गांव के अंदर सड़क जरूर बन गई है.

**अरविंद कुमार,**
सरपंच, कोलार डेम

## नदी में बहे युवक का शव तीसरे दिन बरामद

नवभारत न्यूज

**रेहटी.** जिले के रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम सुरई के समीप स्थित सोलवी नदी में रविवार को डूबे मालीवायां निवासी व्यक्ति का शव चार किलोमीटर दूर स्थित ग्राम ढाबा के समीप मिल गई है. पत्नी और बच्चे का शव एक दिन पूर्व एसडीआरएफ की टीम द्वारा बरामद किया जा चुका है.

गौरतलब है कि ग्राम मालीबायां निवासी 40 वर्षीय अताउर्रहमान अपनी पत्नी 35 वर्षीय रफत, 10 वर्षीय बेटे रिवजर और ढाई वर्षीय पुत्र ओरम के साथ सुरई के जंगलों में पिकनिक मनाने गए थे. बताया जाता है कि पास में ही बह रही सोलवी नदी में नहाने उतरने के दौरान अताउर्रहमान और उनकी पत्नी रफत व ढाई वर्षीय बेटा ओरम गहरे पानी में डूब गए थे. रविवार दोपहर तीन बजे हुए इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद सर्चिंग ऑपरेशन चलाया था, लेकिन उनका सुराग नहीं मिला था. सोमवार को एक बार फिर सुबह से सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया गया. कुछ ही देर में मासूम बालक ओरम का शव मिला तथा कुछ आगे महिला रफत का भी शव टीम ने नदी से बरामद कर लिया था. अताउर्रहमान की तलाश कर रही टीम के सामने बारिश अड़चनें पैदा कर रही थी तो शाम का अंधेरा घिरने के कारण अभियान को रोकना पड़ा था. मंगलवार की सुबह एक बार फिर से सर्चिंग अभियान शुरू किया गया. कुछ ही देर बाद लगभग चार किमी दूर ग्राम ढाबा के समीप अताउर्रहमान का शव भी टीम ने तलाश निकाला. पुलिस ने पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है.

## महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा 18 से

**सीहोर.** शहर से लगातार तीसरी बार क्षेत्र में अच्छी बारिश, गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की मंगल कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा आगामी 18 जुलाई से महाकाल उज्जैन प्रारंभ होगी. गणेश मंदिर से सुबह नौ बजे आरंभ होगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रवाना होगी. जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी. यात्रा में अनेक शिव भक्त शामिल होंगे. सोमवार को सुबह रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ होगी. यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी. श्री गेहलोत ने बताया कि कुबेरेश्वर महादेव मंदिर और प्रसिद्ध गणेश मंदिरसे पदयात्रा का श्रीगणेश किया जा रहा है. सुबह विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक के साथ यात्रा करीब 160 किलोमीटर पदयात्रा करेगी.

**आयोजन** — आमजनों को नशे से दूर रखने पुलिस का 16 दिवसीय विशेष अभियान प्रारंभ

# नशे से दूरी है जरूरी के साथ पुलिस ने शुरू किया जन जागरुकता अभियान



नवभारत न्यूज

**सीहोर.** नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए पुलिस विभाग ने मंगलवार से नशे से दूरी है जरूरी अभियान की शुरुआत की. पहले दिन सुबह आवासीय खेलकूद संस्थान परिसर में पुलिस ने नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई. जागरुकता रैली भी निकाली गई. इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी आमजनों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए. मंगलवार से शुरू हुए इस अभियान का समापन 30 जुलाई को होगा।

नशामुक्ति अभियान को लेकर पुलिस ने पूरे 16 दिन की प्लानिंग तैयार की है. पहले दिन मंगलवार को जागरुकता रैली से अभियान की शुरुआत हुई. एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर उन्हें नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा. पुलिस अलग-अलग विभागों और संगठनों को इस अभियान से जोड़कर हर दिन अलग-अलग आयोजन करेगी.

जन जागरुकता अभियान में पुलिस के साथ-साथ शिक्षा विभाग, स्कूल और कॉलेज, ग्राम और नगर सुरक्षा समिति, एनसीसी और स्काउट गाइड, सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, खेल विभाग आदि का सहयोग लिया जाएगा. अभियान के दौरान अलग-अलग दिन रैली और ड्रग अवेयरनेस रन, नशा विरोधी जन संवाद, नुक्कड़ नाटक और अन्य आयोजन किए जाएंगे. इस मौके पर एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, आरआई उपेंद्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत सहित खेल विभाग से प्रमोद उइके, विपीन पवार, आशा मोथला, राजेंद्र वर्मा तथा आवासीय खेलकूद परिसर से प्रभात मेवाड़ा सहित लगभग 200 बच्चों की सहभागिता रही.

### मादक पदार्थों के अब तक 28 मामले दर्ज

इस सत्र में अब तक पुलिस ने मादक पदार्थों संबंधी अपराधों में 28 मामले दर्ज किए हैं. एसपी शुक्ला के अनुसार 14 मामलों में कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी एवं सेवन के आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं. उन्होंने बताया कि जिले भर में मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चलाए गए अभियान के तहत 10 मामलों में 20 किलो 223 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया है, जिसकी जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 95 हजार 100 रुपए है. इसमें एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है. 4 अन्य मामलों में नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी प्रकरण बनाए गए हैं.

### स्कूली बच्चों के साथ पुलिस ने निकाली रैली

**बुधनी.** मंगलवार को पुलिस ने सांदीपनी स्कूल के छात्रों एवं एनसीसी विंग के सदस्यों के साथ जन जागरुकता रैली निकाली. जो थाना परिसर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सांदीपनी स्कूल तक पहुंची. रैली के समापन पर उपनिरीक्षक संदीप जाट एवं राजेश मालवीय एवं अन्य अधिकारियों सहित प्राचार्या सुधा सालोमन की उपस्थिति में उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई. अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना. उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है.

### स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर निकली पार्वती पुलिस

**आष्टा.** मंगलवार को थाना पार्वती क्षेत्र अंतर्गत इंदौर नाके से अलीपुर चौराहा तक नशा मुक्ति अभियान हमारा यही है संदेश, नशा मुक्त हो मध्य प्रदेश के अंतर्गत एक जागरुकता रैली निकाली गई. रैली में थाना प्रभारी पार्वती सहित थाना स्टाफ, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए. पुलिस द्वारा निकाली गई जन जागरुकता रैली में लगभग 80 से 100 लोगों की भागीदारी रही. सभी ने हाथों में नशा विरोधी स्लोगन की तख्तियां लेकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया. रैली का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना एवं समाज में नशे के विरुद्ध जनजागरुकता फैलाना था.

## दो सड़क हादसों में दो युवक गंभीर घायल

**बुधनी.** थाना क्षेत्र में घटित दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया. जहां से एक को नर्मदापुरम रेफर किया गया. मंगलवार दोपहर को टीटीसी स्थित शंकर मन्दिर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया. घायल युवक देवगांव निवासी गोपाल आ. अन्नुराम बताया गया है. वहीं दूसरे सड़क हादसे में स्थानीय निवासी माधव यादव आ. भैयालाल यादव की स्कूटी बांसापुर नर्सरी के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी जिसमें माधव यादव घायल हो गया.उसे सिविल अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद माधव की हालत गंभीर होने पर उसे नर्मदापुरम रेफर कर दिया. पुलिस ने दोनों घटनाओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है.